>

Title: Regarding need to increase the payment of mid - day- meal workers.

श्री मोहन मण्डावी (कांकेर) : अध्यक्ष महोदय, मैं पहली बार सदन में बोलने का अवसर मिला है । मैं क्षेत्र की जनता को धन्यवाद देता हूं, पूरे सदन को धन्यवाद देता हूं । हमारे देश में अधिकांश जगहों पर मिड-डे मिल चल रहा है । मध्याह्न भोजन बनाने वालों को बहुत ही कम तनख्वाह दिया जा रहा है । उन लोगों की मानदेय बहुत कम है । उनको हजार रुपये दिए जा रहे हैं ।

विश्व भरण पोषण कर जोई,

ताकर नाम भरत अस होई ।

हमारा देश विश्व का पालन-पोषण करने वाला देश है । मैं इन्टीरियर क्षेत्र, उत्तर बस्तर कांकेर से चुन कर यहां आया हूं । मैं चाहता हूं कि किसी भी व्यक्ति को उनका सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए । मैं ज्यादा नहीं बोलना चाहता हूं । मैंने समय-सीमा में ही बोला और आपको घंटी बजाने का अवसर नहीं मिला । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. संजय जायसवाल को श्री मोहन मण्डावी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।